Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan
JINENDER SONI
Founder, MISSION GYAN

बहुविकल्पी प्रश्न

1. निम्नलिखित में से कौन सांस्कृतिक लक्षण का उदाहरण है-

(अ) झील (ब) समुद्र
(स) पठार (द) नगर

2. भूगोल शब्द किस भाषा से लिया गया है?

(अ) फ्रेंच (ब) अंग्रेजी
(स) ग्रीक (द) जर्मन

3. भूगोल शब्द निम्न में से किन दो शब्दों से मिलकर बना है?

(अ) जी + ग्राफी (ब) जियो + ग्राफोज
(स) जी + ग्राफोस (द) जियो + ग्राफी

4. भूगोल का उद्देश्य क्या है ?

(अ) धरातल की भौतिक भिन्नता का अध्ययन (ब) धरातल की भौतिक समानता का अध्ययन
(स) धरातल की प्रादेशिक भिन्नता का वर्णन (द) धरातल की राजनीतिक और धार्मिक भिन्नता का अध्ययन

5. सर्वप्रथम भूगोल शब्द का प्रयोग किस भूगोलवेत्ता द्वारा किया गया ?

(अ) गैलीलियो (ब) इरेटॉस्थनीज
(स) टैलर (द) हेरौडोटस

6. प्रादेशिक भूगोल का विकास किस भूगोलवेत्ता द्वारा किया गया था?

(अ) रिचर्ड हार्टशोर्न (ब) कुमारी सेम्पुल
(स) कार्ल रिटर (द) अलेक्जेंडर वॉन हम्बोल्ट

7. निम्नलिखित में से कौन-सा विषय कालिक संश्लेषण करता है?

(अ) मानवशास्त्र (ब) समाजशास्त्र
(स) इतिहास (द) भूगोल

8. निम्नलिखित में से किस लक्षण को भौतिक लक्षण कहा जा सकता है?

(अ) मैदान (ब) सड़क
(स) जल उद्यान (द) पत्तन

9. भूगोल अध्ययन का क्रमबद्ध उपागम किसके द्वारा किया गया?

(अ) हम्बोल्ट (ब) रिटर
(स) हार्टशोर्न (द) हैटनर

मिशन ज्ञान
पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

10. भूगोल अध्ययन का प्रादेशिक उपागम किसके द्वारा दिया गया?

(अ) हम्बोल्ट (ब) रिटर

(स) हार्टशोर्न (द) हैटनर

रिक्त स्थान

11. पर्वत, पठार आदि का अध्ययन _____ में किया जाता है।

12. वायुमंडल की संरचना का अध्ययन _____ में किया जाता है।

सत्य/असत्य

13. रिचर्ड हार्टशॉर्न के अनुसार भूगोल का उद्देश्य धरातल की क्षेत्रीय भिन्नता का वर्णन करना है।

14. मात्रात्मक तकनीक का अध्ययन मानव भूगोल में भूगोल में किया जाता है।

अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

15. जलवायु विज्ञान के अंतर्गत किन तथ्यों का अध्ययन किया जाता है?

16. जैव भूगोल की प्रमुख उपशाखाएँ कौन-कौन सी हैं?

लघूत्तरात्मक प्रश्न

17. भूगोल के अध्ययन के उपागम कौन-से हैं?

18. आर्थिक भूगोल के अन्तर्गत किन तथ्यों का अध्ययन किया जाता है?

निबंधात्मक प्रश्न

19. क्रमबद्ध उपागम और प्रादेशिक उपागम में अंतर स्पष्ट करें।

20. भौतिक भूगोल की विभिन्न शाखाओं की व्याख्या करें।

HOTS

21. जीव भूगोल के अंतर्गत किन तथ्यों का अध्ययन किया जाता है?

मिशन ज्ञान
पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan
JINENDER SONI
Founder, MISSION GYAN

1. **(द)**
नगर, सांस्कृतिक या नगरीय भूगोल का भाग है जबकि अन्य तीन विकल्प भौतिक भूगोल का भाग है।

2. **(स)**
भूगोल शब्द ग्रीक भाषा से लिया गया है।

3. **(ब)**
यह शब्द ग्रीक भाषा के Geo एवं Graphos से बना है।

4. **(स)**
भूगोल का उद्देश्य धरातल की प्रादेशिक भिन्नता का अध्ययन करना है। ऐसा रिचर्ड हार्टशोर्न ने कहा था।

5. **(ब)**
सर्वप्रथम भूगोल शब्द का प्रयोग ग्रीक भूगोलवेत्ता Eratosthenes ने किया था।

6. **(स)**
प्रादेशिक भूगोल का विकास कार्ल रिटर भूगोलवेत्ता द्वारा यिका गया था। प्रादेशिक भूगोल पृथ्वी को या इसके किसी हिस्से को किसी आधार पर प्रदेशों में विभाजित करने और उनका वर्णन करने वाला विज्ञान है।

7. **(स)** इतिहास

8. **(अ)** मैदान

9. **(स)** हम्बोल्ट

10. **(ब)** रिटर

11. भू आकृति विज्ञान

12. जलवायु विज्ञान

13. सत्य

14. असत्य

15. जलवायु विज्ञान के अंतर्गत वायुमण्डल, ऋतु, तापमान, गर्मी, उष्णता, क्षय ऊष्मा, आर्द्रता का अध्ययन किया जाता है।

16. जैव भूगोल की प्रमुख उपशाखाएँ निम्नलिखित हैं :-

i. **वनस्पति भूगोल :** पेड़-पौधों का मानव जीवन से गहरा संबंध है। वनस्पति विज्ञान पादप जीवन और उसके संपूर्ण विश्व रूपों का वैज्ञानिक अध्ययन करता है।

ii. **प्राणी भूगोल :** मानव भूगोल, भूगोल की वह शाखा है जो मानव समाज के क्रियाकलापों और उनके परिणाम स्वरूप बने भौगोलिक प्रतिरूपों का अध्ययन करता है। इसके अन्तर्गत मानव के राजनैतिक, सांस्कृतिक, सामाजिक तथा आर्थिक पहलू आते हैं।

iii. **पर्यावरण भूगोल :** पर्यावरण भूगोल पर्यावरणीय दशाओं, उनकी कार्यशीलता और तकनीकी रूप से सबल आर्थिक मानव और पर्यावरण के बीच संबंधों का अध्ययन स्थानिक तथा कालिक सन्दर्भों में करता है।

iv. **पारिस्थितिकी :** पारिस्थितिकी जीवविज्ञान की एक शाखा है जिसमें जीव समुदायों का उसके वातावरण के साथ पारस्परिक संबंधों का अध्ययन करतें हैं। प्रत्येक जन्तु या वनस्पति एक निश्चित वातावरण में रहता है।

मिशन ज्ञान
पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

17. भूगोल के अध्ययन के दो प्रमुख उपागम निम्नलिखित हैं:

i. **क्रमबद्ध उपागम :** क्रमबद्ध उपागम को प्रकरण रीति भी कहते हैं। इसमें भूगोल के विभिन्न तत्वों का अलग-अलग अध्ययन किया जाता है। इस प्रकार के अध्ययन में भूआकृति, जलवायु, मिट्टियां, वनस्पति, परिवहन, व्यापार, आदि का अलग से अध्यन्न किया जाता है।

ii. **प्रादेशिक उपागम :** प्रादेशिक उपागम मानव भूगोल की एक प्रमुख शाखा है। इसके अन्तर्गत भौतिक एवं मानवीय समानताओं के आधार पर सम्पूर्ण धरातल का वर्गीकरण करके उनका अध्ययन किया जाता है।

18. **आर्थिक भूगोल :** इसकी शाखाएँ कृषि, उद्योग, खनिज, शक्ति तथा भंडार भूगोल और भू उपभोग, व्यावसायिक, परिवहन एवं यातायात भूगोल हैं। अर्थिक संरचना संबंधी योजना भी भूगोल की शाखा है।

19. **क्रमबद्ध उपागम और प्रादेशिक उपगम में अन्तर-**

क्रमबद्ध उपागम	प्रादेशिक उपागम
इस उपागम के अन्तर्गत भूगोल के तत्वों को प्रकरणों में बाँटकर उन प्रकरणों का अलग-अलग अध्ययन किया जाता है।	प्रादेशिक उपागम के द्वारा पृथ्वी को अलग-अलग प्रदेशों या क्षेत्रों में विभाजित करके, प्रत्येक प्रदेश या क्षेत्र के समस्त भौतिक और मानवीय तथ्यों का विश्लेषण किया जाता है।
उदाहरणार्थ- पृथ्वी को थलमंडल, जलमंडल, वायुमंडल में विभाजित करके प्रत्येक मंडल का अलग-अलग अध्ययन किया जाता है।	इस प्रकार पृथ्वीतल का अलग-अलग प्रदेशों में अध्ययन होता है, जैसे- विषुवतरेखीय प्रदेश, भूमध्यसागरीय प्रदेश, मानसूनी प्रदेश, टैगा प्रदेश, टुंड्रा प्रदेश आदि।

20. **भौतिक भूगोल :** भौतिक भूगोल की विभिन्न शाखाओं स्थलाकृति, हिम-क्रिया-विज्ञान, तटीय स्थल रचना, भूस्पंदनशास्त्र, समुद्र विज्ञान, वायु विज्ञान, मृत्तिका विज्ञान, जीव विज्ञान, चिकित्सा या भैषजिक भूगोल तथा पुरालिपि शास्त्र हैं।

i. **भू-आकृति विज्ञान-** यह भू-आकृतियों, उनके क्रम, विकास एवं संबंधित प्रक्रियाओं का अध्ययन करता हैं।

ii. **जलवायु विज्ञान-** इसके अंतर्गत वायुमण्डल, ऋतु, तापमान, गर्मी, उष्णता, क्षय ऊष्मा, आर्द्रता का अध्ययन किया जाता हैं।

iii. **जल विज्ञान-** जल विज्ञान पृथ्वी पर स्थित जल के अध्ययन से संबंधित है। इसके साथ ही इसमें जल के अन्वेषण, प्रयोग, नियंत्रण और संरक्षण का अध्ययन भी समाहित होता है। महासागरीय तत्वों के स्थानिक वितरण का अध्ययन भूगोल की एक शाखा समुद्र विज्ञान में किया जाता है।

iv. **मृदा भूगोल-** यह मिट्टी-निर्माण की प्रक्रियाओं, मिट्टी के प्रकार, उसकी उत्पादकता का स्तर, वितरण एवं उपयोग आदि के अध्ययन से संबंधित है।

21. जीव भूगोल के अंतर्गत पशुओं एवं उनके निवास-क्षेत्र के स्थानिक स्वरूप एवं भौगोलिक विशेषताओं का अध्ययन किया जाता है। जन्तु विज्ञान या प्राणि समस्त प्रकार के प्राणि जीवन की संरचना, वर्गीकरण तथा कार्यों का वैज्ञानिक अध्ययन है।

मिशन ज्ञान
पढ़ना चाहे, जहाँ चाहे, जैसा चाहे!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES